☎ कार्यालय– 05947–251259 E-Mail :- eecdujnramnagar@gmail.com

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## निर्माण शाखा,

## उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम

## रामनगर (नैनीताल) पिन कोड–244715

पत्रांक 2319 / पेयजल 148/ 16 दिनांक 19 / 12/2022

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
रामनगर वन प्रभाग,
रामनगर।

विषयः– जनपद– नैनीताल के हल्द्वानी में मा० मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 605/2019 के अन्तर्गत जल जीवन मिशन के प्रस्तावित ढिकुली पेयजल योजना रामनगर (नैनीताल) के निर्माण हेतु 0.075 हे० वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु उत्तराखण्ड पेयजल निगम को प्रत्यावर्तन। **(Online No. FP/UK/Water/151514/2022)**।

सन्दर्भः– भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का पत्रांक 08बी./यू.सी.पी./09/41/2022/एफ०सी०/1089 दिनांक 07.11.2022।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्रों के क्रम में भारत सरकार के सन्दर्भित पत्र से लगाई गई आपत्तियों की निराकरण आख्या निम्नानुसार प्रस्तुत हैं:–

| क्र०सं० | आपत्ति | निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्तुत उत्तर से अभी यह स्पष्ट नहीं है कि नदी से पानी कैसे लिया जायेगा एवं सम्बन्धित पाइपलाइन को KML पर अभी तक अंकित नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रस्तावित Non site-specific परियोजना के लिये वन भूमि के चयन हेतु प्रदान किया गया औचित्य पर्याप्त प्रतीत नहीं होता है। गांव के आस–पास काफी गैर–वन क्षेत्र उपलब्ध है जिसको इस परियोजना के लिये चयनित किया जा सकता है। अतः राज्य सरकार से अनुरोध है कि इस Non site-specific प्रस्तावित परियोजना के लिये गैर–वन भूमि का चयन करने का कष्ट करें। | उक्त योजनान्तर्गत कोसी नदी से जल लिया जाना प्रस्तावित नहीं किया गया है अपितु नलकूप बोर करते हुए भूमिगत जल का प्राविधान किया गया है जिस कारण उक्त पाइप लाइन को KML में अंकित नहीं किया गया है। उक्त योजना के सन्दर्भ में संज्ञान में लाना है कि विषयांकित ग्राम के निकट गैर वन क्षेत्र की उपलब्धता नही है जिसका प्रमाण पत्र भी प्रस्ताव के साथ संलग्न किया गया है चूंकि प्रस्तावित योजना एक पेयजल योजना है अतः तकनीकी दृष्टिकोण से मानकानुसार पर्याप्त Terminal Pressure सुनिश्चित करने एवं पेयजल के सुचारू संचालन/उपलब्धता हेतु क्षेत्रान्तर्गत सबसे उच्चतम तल चिन्हित किया जाता है, इस योजनान्तर्गत प्रस्तावित ग्रामों को पेयजल उपलब्ध कराने हेतु सबसे उच्चतम तल चिन्हित वन भूमि पर ही है जिससे योजना अन्तर्गत प्रस्तावित घटकों (शिरोपरी जलाशय, नलकूप आदि) के अधिष्ठापन होने के उपरान्त पेयजल पाइपलाइन के माध्यम से समस्त प्रस्तावित ग्रामों में सुचारू रूप से उलब्ध हो पाएगा। अतः योजनान्तर्गत चिन्हित वन भूमि को हस्तांतरित करने की कृपा करें ताकि मा० प्रधानमंत्री जी के अति महत्वपूर्ण व समयबद्ध कार्यक्रम जल जीवन मिशन अन्तर्गत प्रस्तावित ढिकुली पेयजल योजना का निर्माण ससमय किया जा सके। |

भवदीय,

19/12/22 17/12/22

अधिशासी अभियन्ता

रामनगर वन प्रभाग,
रामनगर